## संक्षिप्त

### नरेगा कार्य का औचक निरीक्षण

**कोलसिया,** । कोलसिया पंचायत की ढाका की जोहडी में नरेगा श्रमिकों द्वारा किए जा रहे कार्य का औचक निरीक्षण किय गया। नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुण्डा ने ढाका की जोहडी में नरेगा में जल संरक्षण और जल संठाहण योजना के तहत चल रहे जोहड़ खुदाई कार्य। इस दौरान प्रधान सुंडा ने श्रमिकों की समस्याओं को सुना और दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कोलसिया सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक, रामस्वरूप कुमावत, नरेगा श्रमिक सुशीला देवी, कमला देवी, सुमन देवी, कृष्णा देवी, सुमित्रा, बबिता, गीता, द्रोपती, शारदा, रामा देवी, सरोज, बिमला, महिंद्रा, प्रेम देवी, सुमन देवी, मंजू, कविता, रामनिवास, संतोष, मिश्री, मगराज आदि मौजूद रहे।

### पोल हादसों को देता न्यौता

**कोलसिया,** । नवलडी से कैरू जाने वाली सडक पर जेलदारों के कुए के पास नाहरसिंघानी जाने वाली सडक के बीच एक बिजली का पोल मौत को आमंत्रण देता नजर आ रहा है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व वहां के ठाामीणों ने बताया कि कई बार यहां आकस्मिक घटनाएं हो चुकी हैं। इसके लिए कई बार अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। एक सप्ताह में यदि पोल को शिफ्ट नहीं किया तो मजबूरन आंदोलन करना पडेगा।

### शिविर में 178 ने लिया स्वास्थ्य लाभ

झुंझुनूं। जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर स्थित काया हॉस्पिटल में रविवार को आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 178 मरीजों लाभान्वित हुए। अस्पताल के डॉ. संदीप बेनीवाल ने बताया कि इस शिविर में 103 आर्थो के जिसमें मुख्य रूप से घुटनों के दर्द, अर्थराइटिस, स्लिप डिस्क, कमर दर्द, दुर्घटना में फ्रेक्चर हुई हड्डियों की समस्या के आए। वहीं 75 मरीज स्त्री एवं प्रसूति संबंधित समस्याओं, महिलाओं में अनियमित माहवारी, सफेद पानी, इन्फेक्शन, बच्चेदानी की समस्या, निसंतानता आदि समस्याओं को लेकर आए। डॉ. बेनीवाल ने इस अवसर पर बताया कि भविष्य में अब हर महीने में एक दिन फिक्स कर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**झुंझुनूं**। घरड़ाना कलां सरपंच प्रतिनिधि रमेश राव व हवा सिंह पूनियां के नेतृत्व में ठााम राजपुरा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग की कि परिसीमन में ठााम पंचायत घरड़ाना कलां के साथ किसी भी तरीके की छेड़छाड़ न की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि सिलारपुरी ठााम पंचायत से ठााम राजपुरा को जोड़ने की चर्चा जोरों पर है। जो बिल्कुल अन्यायपूर्ण होगा। ठााम पंचायत घरड़ाना कलां राजपुरा से दो किलोमीटर है। जबकि सिलारपुरी चार किलोमीटर है। ठााम राजपुरा की सीमा सिलारपुरी से नहीं मिलती। ठााम राजपुरा के किसानों की आधी कृषि भूमि घरड़ाना कलां में है तथा आधे परिवार घरड़ाना कलां में रहते हैं। ठााम पंचायत घरड़ाना कलां की जनसंख्या सन 2011 की जनगणना के मुताबिक 3180 है। जिसमें 2600 घरड़ाना कलां व 580 राजपुरा की है। एक छोटी ठााम पंचायत होने की वजह से कोई फेरबदल नहीं किया जाए। अन्यथा हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में सरपंच प्रतिनिधि रमेश राव व हवा सिंह पूनियां के अलावा हरफूल, मोहरसिंह डूडी, विनोद, दलीप, हंसराम झाझड़िया, रोहिताश्व, नेतराम, जयनारायण, दरियासिंह व दयानंद मास्टर, दलीप, प्रभुराम आदि शामिल थे।

### नई पंचायत का किया विरोध

**झुंझुनूं**। पंचायतों के पुर्नगठन का काम चल रहा है। ऐसे में नई पंचायतों के प्रस्ताव लगातार जिला कलेक्टर को दिए जा रहे है। इसी क्रम में नई पंचायतों का विरोध भी शुरू हो गया है। खबर झुंझुनूं से है। दरअसल नवलगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के मोहनवाडी पंचायत के गांव चैनगढ़ को लेकर चर्चा आ रही है। जिसमें बारवा को नई पंचायत बनाकर चैनगढ़ को उसमें शामिल करने की चर्चा है। जिसके बाद सोमवार को चैनगढ़ के ठाामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। चैनगढ़ के ठाामीणों ने बताया कि 2008 में वे मोहनवाडी राजस्व गांव के अंतर्गत आते थे। लेकिन मोहनवाडी से चैनगढ़ को अलग किया गया और नया राजस्व गांव बनाया गया। पंचायत मोहनवाडी रखी गई। जिससे ठाामीणों को कोई परेशानी नहीं हुई। वहीं आज भी चैनगढ़ गांव के लोगों की जमीनें, लेन-देन, मेल-मिलाप सब मोहनवाडी से है। कुछ समाज के मुक्ति धाम भी मोहनवाडी में है। इसलिए चैनगढ़ के ठाामीण मोहनवाडी पंचायत में ही रहना चाहते है।


# सूर्य सप्तमी पर बड़े स्तर पर हुआ सूर्य नमस्कार

**सीकर,** । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में सोमवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रातः 9 बजे से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि हिंदू पौराणिक कथा के

■ **हिंदू पौराणिक कथा के अनुसार माघ पक्ष की शुक्ल सप्तमी के दिन सूर्य देवता रथ पर सवार हुए थे**

अनुसार माघ पक्ष की शुक्ल सप्तमी के दिन सूर्य देवता रथ पर सवार हुए थे, इसलिए आज के दिन सूर्य भगवान की पूजा की जाती है।

विद्यालय में सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाओं के कई चक्र किये। उन्होंने बताया कि एक विद्यार्थी के लिए सबसे पहली आवश्यकता उसका स्वस्थ होना है, अगर विद्यार्थी स्वस्थ है तो वह अध्ययन की प्रति आसानी से जागरूक हो सकता है। कार्यक्रम सबसे पहले सूर्य देवता की उपासना कर गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर सुनीता देवी, मंजू देवी ,सुनीता मीणा, बिंदु शेखावत, शंकर सिंह शेखावत ,सुभाष चंद्र शर्मा, रेखा सैनी सहित विद्यालय स्टाफ और अनेक ठाामवासी उपस्थित रहे।



**विद्यालय में सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाओं के कई चक्र किये।**

# सूर्य नमस्कार का अवलोकन

**झुंझुनूं** । प्रदेश के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों में सोमवार को एक साथ सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग के लिए निदेशालय बीकानेर से जिला प्रभारी नियुक्त किए गए थे। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के सहायक निदेशक व झुंझुनूं के प्रभारी श्रवण कुमार ज्याणी ने जिले में पहुंचकर अनेक विद्यालयों का निरीक्षण कर सम्बलन प्रदान किया व निरीक्षण रिपोर्ट बनाई। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पकौड़ी की ढाणी में सूर्य नमस्कार में शामिल होकर प्रोत्साहन प्रदान किया। उसके पश्चात राजकला बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चिड़ावा, एमडी पब्लिक स्कूल चिड़ावा, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओजटू, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुडाना व रविंद्र पब्लिक स्कूल झुंझुनूं का निरीक्षण किया।

# गणेश जन्मोत्सव की कथा का वर्णन सजीव झांकी के साथ हुआ

**झुंझुनूं** । लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के 33वें वार्षिक उत्सव के शुभ अवसर पर शिव महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर के सामने चौथमल गोयनका नोहरा में किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा यज्ञ में चौथे दिन सोमवार को परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आत्मारामजी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्री दादूद्वारा बगड़ महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में व्यासपीठ से विश्वविख्यात श्रद्धेय बालव्यास श्रीकांत शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से गणेश पूजन के साथ मधुर संगीतमय कीर्तन तथा सरल हिंदी भाषा में रोचक एवं ज्ञान राग दृष्टांत सहित कथा का रसपान श्रोता भक्तों को करवाया।

इससे पूर्व भागवत ठांथ का पूजन मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया गया। व्यास पीठ से बाल व्यास ने भगवान गणेश जी शिव और मां पार्वती की संतान हैं। गणेश जी की पूरी आकृति में सबसे महत्वपूर्ण उनकी सूंड मानी जाती है। इसके अलावा गणेश जी के दो बडे कान हैं और किसी आम व्यक्ति की तरह उनका बड़ा सा पेट है।

गणेश जी को विघ्नहर्ता भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में पांच सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले भगवानों में एक गणेश जी भी हैं। पढ़ाई, ज्ञान, धन लाभ और अच्छी सेहत के लिए भी गणेश जी की पूजा की जाती है। शिव महापुराण के मुताबिक, गणेश जी का शरीर लाल और हरे रंग का होता है। ब्रह्मावैवर्त पुराण के मुताबिक, मां पार्वती ने संतान पाने के लिए पुण्यक व्रत रखा था। माना जाता है कि इस व्रत की महिमा से ही मां पार्वती को गणेश जी संतान के रूप में मिले थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मावैवर्त पुराण के मुताबिक, जब सभी भगवान गणेश जी को आशीर्वाद दे रहे थे, उस समय शनि देव सिर को झुकाए खडे थे। देखने पर मां पार्वती ने उनसे उनका सिर झुका कर खडे होने का कारण पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि अगर वे गणेश जी को देखेंगे तो हो सकता है कि उनका सिर शरीर से अलग हो जाएगा। लेकिन पार्वती जी के कहने पर शनि देव ने गणेश जी की ओर नजर उठाकर देख लिया। जिसके परिणामस्वरूप गणेश जी का सिर उनके शरीर से अलग हो गया। ब्रह्मावैवर्त पुराण में ये भी बताया गया है कि शनि देव के देखने पर जब गणेश जी का सिर उनके शरीर से अलग हुआ तो उस समय भगवान श्रीहरि ने अपना गरुड उत्तर दिशा की ओर फेंका, जो पुष्य भद्रा नदी की तरफ जा पहुंचा था। वहां पर एक हथिनी अपने एक नवजात बच्चे के साथ सो रही थी। भगवान श्रीहरि ने अपने गरुड की मदद से हथिनी के बच्चे सिर काटकर गणेश जी के शरीर पर लगा दिया था, जिसके बाद एक बार फिर गणेश जी को जीवन मिला। कथा के मध्य भगवान गणेश जी की सजीव झांकी भी सजाई गई जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी इंद्र कुमार मोदी दिल्ली, सुरेश चंद्र पंसारी, कृपाशंकर मोदी मुंबई, ओमप्रकाश तुलस्यान चैन्नई, राजकुमार अठावाल जयपुर, राधेश्याम ढंढारिया जयपुर, अनिल टेकड़ीवाल एवं दिनेश गुप्ता दिल्ली, परमेश्वर हलवाई, रमाकांत एवं प्रदीप जालान सूरत, जयपुर से प्रमोद अठावाल, नरेश, नवीन, पूनम ढंढारिया, टेंट वाले रामावतार जांगिड़ सहित अन्यजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

## पैदल यात्रा का शुभारंभ

**झुंझुनूं**। शहर के ऋषि कुमार जोशी झुंझुनूं से बागेश्वर धाम की पैदल यात्रा के लिए झुंझुनूं से प्रस्थान किया। जानकारी देते हुए विप्र सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने बताया कि यह यात्रा सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए की जा रही है। ऋषि कुमार जोशी का विचार है कि इस यात्रा से निश्चित रूप से लोगों में सनातन धर्म के प्रति आसक्ति व सम्मान बढेगा यात्रा को शाम को पूर्ण विधि विधान से किया गया। रवाना सनातन धर्म में किसी भी धार्मिक व मांगलिक कार्य के प्रारंभ में गणेश पूजा की जाती है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्वान पंडित हरिकिशन शुक्ला ने पूजा अर्चना करवाई। इस धार्मिक आयोजन में सर्व समाज के सैंकड़ों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। बसावतिया ने आगे बताया कि यात्रा 26 तारीख तक बागेश्वर धाम में संपूर्ण की जाएगी। यात्रा अखंड ज्योति के साथ भगवान श्री बालाजी महाराज के बजरंग निशान एवं ठाकुर जी की मूर्ति की पूजा अर्चना करते हुए प्रारंभ की गई। पद निशान को अशोक जोशी ने माला पहनाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भाजपा नेता राकेश सहल, अनिल, उत्तम जोशी, चंद्रप्रकाश जोशी, शिवप्रकाश, राजीव लोचन पांडे, कृष्ण कुमार एवं महिला शक्ति सहित सैंकडों धर्मपरायण महानुभाव उपस्थित थे।

## कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**झुंझुनूं**। तीस जनवरी की रात को उतरासर ठााम के गरीब किसान सांवरमल गुर्जर की 85 भेडों में से 40 को जंगली जानवरों द्वारा हमला कर मार देने व 20 को घायल कर देने के बाद घायल भेड़ों में 15 भेड़ें और मर जाने तथा बची घायल भेड़ें मरणासन्न होने की वजह से अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड फूलचंद ढेवा, राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास व सूबेदार सहीराम के नेतृत्व में जिला कलेक्टर व वन विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर मांग की कि गरीब किसान सांवरमल गुर्जर को उचित मुआवजा देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड रामचंद्र कुलहरि, कामरेड इंद्राज सिंह चारावास व सूबेदार सहीराम के अलावा बजरंग, राजेंद्र, सुनिलकुमार, भादरमल, सुभाषचंद्र, सुरेंद्र गुर्जर आदि शामिल थे।

# पोस्टर का किया विमोचन



**मंदिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव को लेकर पोस्टर का विमोचन किया।**

चूरू। स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 50 वें स्वर्ण जयंती महोत्सव को लेकर मन्दिर कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी है।

पुजारी संतोष भूढ़ाढरा ने बताया कि 21 फरवरी से होने वाले कार्यक्रम को लेकर सोमवार को मंदिर प्रांगण में समाजसेवी कैलाश चंद्र नवहाल के नेतृत्व में श्री श्याम मित्र मंडल के विमल जोशी, सुरेन्द्र पीपलवा, ओम पीपलवा, ताराचंद महनसरिया, राजेश झिकनाडिया, राकेश ओझा, संदीप सोती, दिनेश बुढ़ाढरा व गौरव शर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया। इसको लेकर श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया। नवहाल ने बताया कि 21 फरवरी से 23 फरवरी तक दोपहर 1:15 बजे नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जायेगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता व कार्यकारिणी पदाधिकारी सम्मानित

**रतनगढ़**। अभिभाषक संघ, रतनगढ़ का नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण सामारोह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता व कार्यकारिणी पदाधिकारियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मंत्री राजस्थान सरकार राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बागडवा,वरिष्ठ कांठोस नेता रमेश

■ **अभिभाषक संघ रतनगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह में हुआ वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान**

चंद्र इन्दौरिया वरिष्ठ काठोस नेता हेमन्त सारस्वत, चूरू बार संघ अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, नवनियुक्ति आर.जे.एस. मोहित स्वामी वरिष्ठ अधिवक्ता सुमेरसिंह गुड्डा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र चोटिया अभिभाषक संघ अध्यक्ष मनीष शर्मा मंचस्थ थे।कार्यक्रम में मचासीन स्वागत वरिष्ठ अधिवक्ता कमलकांत शर्मा द्वारा किया गया बार अध्यक्ष मनीष शर्मा ने रतनगढ़ में मिनी सचिवालय की मांग रही ताकि आम जनता को दुविधा ना हो क्योंकि कोर्ट परिसर न्यायालय ओर तहसील व उपखण्ड कार्यालय अलग अलग स्थान पर जाने की चर्चा सुर्खियों में होने से आम नागरिक के साथ साथ अधिवक्ता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी आशुतोष पुरोहित एडवोकेट एव टैक्स बार के अध्यक्ष मोहन लाल महर्षि एवं अपर लोक अभियोजक डॉ. जयकान्त बिंवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान में माणक चन्द जोशी, टेकचन्द कटारिया, रामावतार पारीक, देवेन्द्र कुमार चोटिया, कमलकान्त शर्मा, सतीश मारू एवं सुमेर सिंह शेखावत का सम्मान किया गया। इस मौके पर महासचिव निरंजन चौहान, उपाध्यक्ष खेमाराम प्रजापत, सचिव गोविन्द कठोड़, कोषाध्यक्ष हरीश जसेल, पुस्तकालयध्यक्ष कांता स्वामी, निर्वाचित एवं मनोनीत कार्यकारणी सदस्य एवं सलाहकार समिति सदस्यों का अभिनंदन किया गया इस मौके पर भवरलाल प्रजापत, महेन्द्र सैनी, नितेश कान्हा तामडायत, बजरंग लाल गुर्जर, संजय कटारिया, शशिकांत शर्मा,पंकज मंडार, निर्मल भुढाडरा, अश्वनी कुमार सैनी, सुमन सोनू जांगिड़, अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजामुराद अली एडवोकेट ने किया।



**रतनगढ़ अभिभाषक संघ के समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्मानित किया।**


## कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- 6491-98 दिनांकः- 31.01.2025

**निविदा सूचना 03/2024-25**

माननीय संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय-1) विभाग की ID No 152402148 दिनांक 16.10.2024 से प्राप्त सहमति से फर्नीचर, कंप्यूटर एवं अन्य सामग्री का क्रय किये जाने हेतु वर्ष 2024-25 में विभागीय आदेश पत्र क्रमांक एफ 5(4)कृ.षि./बजट घोषणा ए.डी. ऑफिस/2024-2025/8833-49 दिनांक 18.11.2024 के द्वारा लेखाशीर्ष 2401-00-196-04-00-05 कार्यालय व्यय में बजट हस्तान्तरित करने के फलस्वरूप कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुजानगढ़ (चूरू) के लिए फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित फर्मों/निविदादाताओं से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. सं. | सामग्री | अनुमानित लागत (रूपये) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत) | sppp.rajasthan.gov.in से downolad करने की दिनांक एवं समय | निविदा जमा करवाने की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्री | 373000/- (अक्षरे राशि रूपये तीन लाख तेहतर हजार मात्र) | 500/- | 7460/- | 31.01.2025 को प्रात. 9.30 बजे से 06.02 2025 को सांय 05.00 बजे | 06.02. 2025 को सांय 06 00 बजे तक | 07.02. 2025 को प्रातः 01.00 PM बजे |

निविदा संबंधी शर्ते एवं निविदा प्रपत्र sppp.rajasthan.gov.in पर से भी download किया जा सकता है अथवा कार्यालय समय पर कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), सुजानगढ़ (चूरू) पता - पंचायत समिति परिसर सुजानगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

UBN No.-AGR2425GSOB00422

(गोविन्द सिंह राठौड़)
सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)
सुजानगढ़ (चूरू)

## कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- 6484-90 दिनांकः- 31.01.2025

**निविदा सूचना 01/2024-25**

माननीय संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय-1) विभाग की ID No 152402148 दिनांक 16.10.2024 से प्राप्त सहमति से डेस्कटॉप, कम्पयूटर, प्रिंटर एवं फोटोकॉपी मशीन मय स्केनर आदि क्रय किये जाने हेतु वर्ष 2024-25 में विभागीय आदेश पत्र क्रमांक एफ 5(4)कृ.षि./बजट घोषणा ए.डी. ऑफिस/2024-2025/8833-49 दिनांक 18.11.2024 के द्वारा लेखाशीर्ष 2401-00-196-04-00-05 कार्यालय व्यय में बजट हस्तान्तरित करने के फलस्वरूप कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सुजानगढ़ (चूरू) के लिए फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित फर्मों/निविदादाताओं से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. सं. | सामग्री | अनुमानित लागत (रूपये) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत) | sppp.rajasthan.gov.in से downolad करने की दिनांक एवं समय | निविदा जमा करवाने की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डेस्कटॉप, कम्पयूटर प्रिंटर एवं फोटोकॉपी मशीन मय स्केनर | 480000/- (अक्षरे राशि रूपये चार लाख अस्सी हजार मात्र) | 500/- | 9600/- | 31.01.2025 को प्रात. 9.30 बजे से 06.02 2025 को सांय 05.00 बजे | 06.02. 2025 को सांय 06 00 बजे तक | 07.02. 2025 को प्रातः 01.00 PM बजे |

निविदा संबंधी शर्ते एवं निविदा प्रपत्र sppp.rajasthan.gov.in पर से भी download किया जा सकता है अथवा कार्यालय समय पर कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), सुजानगढ़ (चूरू) पता - पंचायत समिति परिसर सुजानगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।

UBN No. UBNAGR2425G SOB00421

(गोविन्द सिंह राठौड़)
सहायक निदेशक कृषि (विस्तार)
सुजानगढ़ (चूरू)

## कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0

E-Mail : nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी/2024–25/2312 दिनांक – 31.01.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकों द्वारा पालिका में आवेदन प्रस्तुत कर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति, 69–क पट्टा, उपविभाजन/नामान्तरण व कृषि भूमि नियमन पट्टा चाहा गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति दस्तावेज के साथ 07 दिवस के अंदर–अंदर प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद किस आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति पत्रावलियां**

| क. सं. | आवेदक का नाम | खसरा नं. | प्लाट का विवरण पूर्व (वर्गफुट में) | पश्चिम (वर्गफुट में) | उतर (वर्गफुट में) | दक्षिण (वर्गफुट में) | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री झूमरमल जाति ओसवाल बैद निवासी वार्ड नं 10 बीदासर | – | भूमि बिन्जराज कन्दोई 68'0 | आम रास्ता 68'0 | भूमि निर्मल कुमार 60'0 | आम रास्ता 60'0 | 379.18 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 02 | श्रीमती संतोष प्रजापत पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 16 मोहल्ला प्रताप सागर कुंए के पास बीदासर | – | भूमि सन्तोष प्रजापत 18'0 | भूमि कान्ता देवी 47'0 | भूमि सरोज प्रजापत 40'1 | भूमि कोशल्या 40'3 | 122.01 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 03 | श्रीमती केशर प्रजापत पत्नी श्री श्रवण कुमार जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 19 ज्ञानज्योति स्कूल के पास बीदासर | – | भूमि मनसुखदास स्वामी 33'9 | भूमि बस्तीराम यादव 33'9 | भूमि शंकरलाल भोभरिया 26'0 | नोखा–सीकर रोड़ 26'0 | 81.55 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 04 | श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 19 बीदासर | – | स्वंय की भूमि 25'0 | भूमि चम्पालाल | रास्ता नोखा–सीकर | भूमि दुकान फातमा बानो | 152.03 | प्रथम तल आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 05 | श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 16 बीदासर | – | भूमि सन्तोष प्रजापत | भूमि सरोज देवी | आम रास्ता | भूमि सरोज देवी प्रजापत | 50.00 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 06 | श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री पन्नालाल कुम्हार जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 16 पानी टंकी के पास दड़ीबा बीदासर | – | भूमि सरोज प्रजापत | भूमि कन्हैयालाल | भूमि पेमाराम | भूमि कोशल्या पत्नी जगदीश | 86.65 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| 07 | श्री मोच्छबचन्द पुत्र श्री श्रीचन्द जाति ओसवाल निवासी वार्ड नं 14 पुराना बस स्टेण्ड बीदासर | – | आम रास्ता | स्वंय की भूमि | भूमि सन्तोष कुमार सिंघी | भूमि बाबूलाल सिंघी | 293.56 | आवासीय निर्माण स्वीकृति |
| | **69–क पट्टा की पत्रावलियां** | | | | | | | |
| 01 | श्री पूनमचन्द बैंगानी पुत्र श्री मांगीलाल बैंगानी जाति बैंगानी निवासी वार्ड नं 03 पुरानी पोल बीदासर | – | भूमि/मकान कमल व महेन्द्र बैंगानी | भूमि/मकान अभयराज बैंगानी | रास्ता आम चौक | आम रास्ता | 297.50 | 69–क |
| 02 | श्री बजरंगलाल पुत्र श्री रेवन्ताराम जाति जाट निवासी वार्ड नं 02 बीदासर | – | भूमि/मकान सागरमल दुगड़ | आम रास्ता | भूमि/मकान प्रताप पुत्र रेवन्तराम | भूमि/मकान दुलादेवी सारण | 297.39 | 69–क |
| 03 | श्री धर्मराज पुत्र श्री सीतारमा प्रजापत जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 19 बीदासर | – | आम रास्ता | भूमि/मकान महेश व कुणणाराम | भूमि/मकान ज्योति पत्नी अशोक | भूमि/मकान लालाराम व याकूब | 282.05 | 69–क |
| | **उपविभाजन/नामान्तरण की पत्रावली** | | | | | | | |
| 01 | श्रीमती सरोज पत्नी श्री पन्नालाल प्रजापत निवासी वार्ड नं 16 बीदासर | पट्टा नम्बर 192B | 9'0 | 9'0 | 40'0 | 40'1 | 86.65 | उपविभाजन/नामान्तरण |
| | | पट्टा नम्बर 192B/1 | 49'6 | 48'3 | 11'2 | 12'3 | | |

**कृषि भूमि नियमन पत्रावली**

| क. सं. | आवेदक का नाम | खसरा नं. | प्लाट का विवरण पूर्व (वर्गफुट में) | पश्चिम (वर्गफुट में) | उतर (वर्गफुट में) | दक्षिण (वर्गफुट में) | क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री नन्दलाल पुत्र श्री सीताराम प्रजापत जाति प्रजापत निवासी वार्ड नं 24 बीदासर | 241 | भूमि/कान भवंरी देवी | आम रास्ता | भूमि/मकान नाईयान् | भूमि/मकान देबूराम | 196.56 | कृषि भूमि नियमन |
| 02 | श्री भूपेन तेजस्वी पुत्र श्री धनपत तेजस्वी जाति तेजस्वी निवासी वार्ड नं 33 नेक नगर बालाजी मन्दिर के पास बीदासर | 2015/15 26 | आम रास्ता | भूमि जैसाराम | भूमि जैसाराम | भूमि सदीक जी खजवाना | 317.14 | कृषि भूमि नियमन |
| 03 | श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. राकेश कुमार जाति मेहतर निवासी वार्ड नं 33 उतरादा बास बीदासर | 2015/15 26 | भूमि/मकान रंगलाल व लक्ष्मीपत | भूमि/मकान हंसराज/राम चन्द्र | आम रास्ता | भूमि/मकान कालूराम मेहतर | 221.65 | कृषि भूमि नियमन |

राज.संवाद/सी/24/11186 अधिशाषी अधिकारी